# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**अतारांकित प्रश्न**

## 28 फ़रवरी 2024

----

**कुल प्रश्न - 8**

----

## शिकायत पर की गई कार्रवाई

131 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि श्रीमती नेहा सिंह, उपायुक्त, पलवल के विरुद्ध एक शिकायत श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को यादि पत्र क्रमांक 702 दिनांकित 22 .11. 2023 तथा पत्र क्रमांक 729 दिनांकित 11. 12. 2023 को दी गई थीः तथा

(ख) यदि हां, तो यह शिकायत कब प्राप्त की गई तथा इस पर क्या कार्रवाई की गई?

----

## सम्पत्ति कर के बिना रजिस्ट्री कराना

132 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, फरीदाबाद के यादि पत्र क्रमांक एम. सी. एफ/ सी.टी.पी/2021 /1910, दिनांकित 09. 08 .2021 के द्वारा उप- रजिस्टार, बडखल को खसरा नंबर 35/25, 36/21 /1, 39/1, 2, 3, 4/ 1, 7 /2, 8, 9, 10, 40/5, 6 कुल 70 कनाल, 14 मरले की रजिस्ट्री न करने के बारे में लिखा था क्योंकि सराय ख्वाजा, फरीदाबाद के राजस्व रिकॉर्ड पर नगर निगम, फरीदाबाद का रुपए 23,96,30, 131 ई.डी.सी तथा रुपए 17,82, 448 का प्रापर्टी टैक्स बकाया है;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त भूमि की रजिस्ट्री हो गई है; यदि हां, तो रजिस्ट्री किस आधार पर की गई; तथा

(ग) क्या यह तथ्य है कि एम /एस फ्रोजिंग प्राइवेट लिमिटेड 1216, डी.एम. रोड़, फरीदाबाद द्वारा आफिशियल लिक्वीडेटर (अधिकारिक परिसमापक) श्री संजीव भूषण दयोड़ा 606 नई दिल्ली, हाउस नं 27, बारा खंबा रोड, नई दिल्ली के माध्यम से नगर निगम की बकाया राशि रुपए 3976 875 तथा ई डी सी के रुपए 112180505 जमा कराए गए हैं; यदि हां, तो भुगतान का संपूर्ण ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो राशि को वसूलने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

----

## औद्योगिक भूखंडो के स्थानांतरण की प्रक्रिया

133 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) आवंटी की मृत्यु के मामलें में एच.एस.आई.आई.डी.सी. द्वारा औद्योगिक भूखंडो के स्थानांतरण की प्रक्रिया क्या है तथा उसके नियमों/ कानूनों/ परिपत्रों/ निर्देशों की प्रति उपलब्ध करवाई जाए;

(ख) 1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2023 तक एच.एस.आई.आई.डी.सी द्वारा औद्योगिक भूखंडो (स्थानांतरण के लिए आवेदन की दिनांक तथा स्थानांतरण की अनुमति जारी करने की दिनांक सहित) के स्थानांतरण से संबंधित विस्तृत जानकारी क्या है;

(ग) स्वामियों की मृत्यु के मामलें में औद्योगिक प्लाटों के स्थानांतरण के लिए एच.एस.आई.आई.डी.सी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया क्या है जिसमें औद्योगिक भूखंड के स्थानांतरण से संबंधित वसीयत (पंजीकृत तथा अन्यथा) बनाई गई है;

(घ) क्या कानून के अनुसार एच.यू. एफ. के सभी सदस्यों को शामिल किए बिना एच.एस.आई. आई.डी.सी द्वारा विकसित आई.एम.टी में एच.यू.एफ के शीर्ष किसी को औद्योगिक भूखंड वितरित कर सकता है;

(ड) स्वामी की मृत्यु की स्थिति में आई.एम.टी में एक एकड़ (4000 मीटर) औद्योगिक भूखंड को स्थानांतरण करने के लिए एच.एस.आई.आई.डी.सी की शुल्क संरचना क्या है?

----

## तंबाकू उत्पादों का प्रतिबंध

**134 श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 07.09 .2022 को जारी आदेश के माध्यम से, तंबाकू चाहे गुटखा, पानमसाला, सुगंधित, सुवासित तंबाकू या खर्रा के नाम से या किसी अन्य नाम से पुकारा जाए चाहे यह पैकेज में हो या बिना पैकेज के विनिर्माण, भंडारण, वितरण या बिक्री पर राज्य में एक वर्ष के लिए प्रतिबंध लगाया गया है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि जून, 2022 में सी.एम फ्लाइंग के नेतृत्व में जी.एस.टी, खाद्य सुरक्षा विभाग तथा अन्य विभागों को संयुक्त टीम द्वारा काईजेन पान प्रोडक्ट् प्राइवेट लिमिटेड के प्लाट संख्या 792, सेक्टर 69, आई.एम.टी, फरीदाबाद स्थित फैक्टरी पर छापा मारा गया था; यदि हां, तो इस छापे के क्या परिणाम है तथा उस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

----

## खरीदे गए ई- टैबलेटों की संख्या

135 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) खरीदे गए ई- टैबलेटों की संख्या कितनी है तथा उस पर खर्च किया बजट क्या है;

(ख) छात्रों को आवंटित ई- टैबलेटों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में विभाग के पास पड़े अनावंटित ई- टैबलेटों की संख्या कितनी है;

(ग) उपरोक्त टैबलेटों में स्थापित सिक्योरिटी फीचर फ़ायरवॉल पर खर्च की गई राशि कितनी है;

(घ) क्या 2022 तथा 2024 में ई- टैबलेटों में कक्षा-वार, बोर्ड-वार और विषय- वार (हरियाणा बोर्ड तथा सीबीएसई) पाठ्यक्रम सामग्री उपलब्ध है; तथा

(ड.) फ़ायरवॉल सिक्योरिटी उल्लंघन के लिए विक्रेताओं के खिलाफ सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

----

## बस अड्डे के निर्माण कार्य को पूरा करना

136 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मुलाना बस अड्डे के निर्माण तथा बराडा बस अड्डे का नवीनीकरण करने में देरी के कारण क्या हैं तथा उपरोक्त निर्माण कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## पक्के नदीपथ का निर्माण करना

137 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव हरयोली से गांव तन्दवाल तक मारकंडा नदी पर पक्के नदीपथ का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

**पे-ग्रेड संशोधित करना**

138 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में कंडक्टरों तथा ड्राइवरों का पे-ग्रेड क्या है तथा इसे अंतिम बार कब संशोधित किया गया था; तथा

(ख) क्या कंडक्टरों तथा ड्राइवरों के पे-ग्रेड को संशोधित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**दिनांक 28 फ़रवरी, 2024.** **सचिव**